102

# 302 (ZK)

2023

## सामान्य हिन्दी

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ] [पूर्णांक : 100

निर्देश :

(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) इस प्रश्न-पत्र में दो खण्ड हैं। दोनों खण्डों के सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

### खण्ड क

1. (क) 'विचार और वितर्क' के लेखक हैं : [1]

(i) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(ii) जी. सुन्दर रेड्डी

(iii) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(iv) राय कृष्ण दास

(ख) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' की रचना है [1]

(i) कल्पवृक्ष

(ii) ठेठ हिन्दी का ठाट

(iii) माटी हो गई सोना

(iv) तट की खोज

(ग) 'नीड़ का निर्माण फिर' रचना की विधा है: [1]

(i) आत्मकथा

(ii) नाटक

(iii) संस्मरण

(iv) निबन्ध

Hindustanknowledge.com

(घ) हरिशंकर परसाई का निबन्ध-संग्रह है : [1]

(i) विचार-प्रवाह

(ii) पृथिवीपुत्र

(iii) तब की बात और थी

(iv) क्षण बोले कण मुस्काए

(ङ) हिन्दी की प्रथम पत्रिका 'उदन्त मार्तण्ड' के सम्पादक थे: [1]

(i) बालकृष्ण भट्ट

(ii) प्रतापनारायण मिश्र

(iii) किशोरी लाल गोस्वामी

(iv) युगल किशोर शुक्ल

2. (क) मैथिलीशरण गुप्त की रचना है : [1]

(i) रसकलश

(ii) सिद्धराज

(iii) कामायनी

(iv) लहर

(ख) 'प्रगतिवाद' के सशक्त कवि हैं: [1]

(i) रामनरेश त्रिपाठी

(ii) बालमुकुन्द गुप्त

(iii) 'नागार्जुन'

(iv) डॉ. नगेन्द्र

Hindustanknowledge.com

(ग) 'मास्को अभी दूर है।' के रचयिता हैं : [1]

(i) त्रिलोचन

(ii) रामस्वरूप शर्मा

(iii) हरिवंश राय 'बच्चन'

(iv) शिवमङ्गल सिंह 'सुमन'

(घ) सच्चिदानन्द हीरानन्द वात्स्यायन 'अज्ञेय' के सम्पादन में कुल कितने सप्तक प्रकाशित हुए ? [1]

(i) एक

(ii) दो

(iii) तीन

(iv) चार

(ङ) सुमित्रानन्दन पन्त को ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला था : [1]

(i) 'लोकायतन' पर

(ii) 'कला और बूढ़ा चाँद पर

(iii) 'चिदम्बरा' पर

(iv) 'ग्राम्या' पर

Hindustanknowledge.com

3. दिए गए गद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : [5x2=10]

विज्ञान की प्रगति के कारण नयी चीज़ों का निरन्तर आविष्कार होता रहता है । जब कभी नया आविष्कार होता है, उसे एक नयी संज्ञा दी जाती है। जिस देश में उसकी सृष्टि की जाती है वह देश उस आविष्कार के नामकरण के लिए नया शब्द बनाता है; वही शब्द प्रायः अन्य देशों में बिना परिवर्तन के वैसे ही प्रयुक्त किया जाता है । यदि हर देश उस चीज़ के लिए अपना-अपना अलग नाम देता रहेगा, तो उस चीज़ को समझने में ही दिक्कत होगी; जैसे - रेडियो, टेलीविज़न, स्पूतनिक ।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

(ग) कौन-सा देश किसी आविष्कृत चीज़ के नामकरण को नया शब्द देता है ?

(घ) यदि हर देश आविष्कृत चीज़ों का अपना-अपना अलग नाम देता रहे तो क्या होगा ?

(ङ) नई चीज़ों के आविष्कार होने का क्या कारण है ?

अथवा

जो कुछ भी हम इस संसार में देखते है, वह ऊर्जा का ही स्वरूप है । जैसा कि महर्षि अरविन्द ने कहा है कि हम भी ऊर्जा के ही अंश है। इसलिए जब हमने यह जान लिया है कि आत्मा और पदार्थ; दोनों ही अस्तित्व का हिस्सा है, वे एक-दूसरे पूरा तादात्म्य रखे हुए हैं तो हमें यह अहसास भी होगा कि भौतिक पदार्थों की इच्छा रखना किसी भी दृष्टिकोण से शर्मनाक या गैर-आध्यात्मिक बात नहीं है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

(ग) महर्षि अरविन्द ने क्या कहा है ?

(घ) हम इस संसार में जो कुछ देखते हैं, वह क्या है ?

(ङ) 'अस्तित्व' और 'तादात्म्य' शब्दों के अर्थ स्पष्ट कीजिए ।

4. दिए गए पद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : [5x2=10]

शक्ति के विद्युत्कण जो व्यस्त<br>
विकल बिखरे हैं, जो निरुपाय;<br>
समन्वय उसका करे समस्त<br>
विजयिनी मानवता हो जाय ।

(क) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

(ग) इन पंक्तियों में श्रद्धा ने मनु से कौन-सी बात बताई ?

(घ) समस्त सृष्टि की रचना किनसे हुई है?

(ङ) श्रद्धा ने मनु को किस प्रकार मानवता का साम्राज्य स्थापित करने के लिए प्रेरित किया है ?

अथवा

Hindustanknowledge.com

मैं कब कहता हूँ जग मेरी दुर्धर गति के अनुकूल बने

मैं कब कहता हूँ जीवन-मरु नन्दन-कानन का फूल बने ?

काँटा कठोर है, तीखा है, उसमें उसकी मर्यादा है,

मैं कब कहता हूँ वह घटकर प्रान्तर का ओछा फूल बने ?

(क) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

(ग) 'काँटा कठोर है, तीखा है, उसमें उसकी मर्यादा है' का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(घ) 'जीवन-मरु' में कौन-सा अलंकार है ?

(ङ) कवि किसकी कामना करता है ?

5. (क) निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी प्रमुख कृतियों का उल्लेख कीजिए: [5]

(i) वासुदेवशरण अग्रवाल

(ii) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

(iii) प्रो. जी. सुन्दर रेड्डी

(ख) निम्नलिखित में से किसी एक कवि का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी प्रमुख रचनाओं पर प्रकाश डालिए : [5]

(i) सुमित्रानन्दन पंत

(ii) रामधारी सिंह 'दिनकर'

(iii) मैथिलीशरण गुप्त

6. 'बहादुर' कहानी की कथावस्तु की विवेचना कीजिए। (अधिकतम शब्द-सीमा: 80 शब्द) [5]

अथवा

'पञ्चलाइट' अथवा 'ध्रुवयात्रा' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए | [5]

(अधिकतम शब्द-सीमा : 80 शब्द)

Hindustanknowledge.com

7. स्वपठित खण्डकाव्य के आधार पर किसी एक खण्ड के एक प्रश्न का उत्तर दीजिए : [5]

(अधिकतम शब्द-सीमा : 80 शब्द)

(क) 'मुक्तियज्ञ' खण्डकाव्य के आधार पर गाँधीजी का चरित्र-चित्रण कीजिए |

अथवा

'मुक्तियज्ञ' खण्डकाव्य के आधार पर 'नमक आन्दोलन' कथावस्तु लिखिए ।

(ख) 'रश्मिरथी' खण्डकाव्य के आधार पर कर्ण की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

अथवा

'रश्मिरथी' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए ।

(ग) 'त्यागपथी' खण्डकाव्य के आधार पर 'राज्यश्री' का चरित्रांकन कीजिए ।

अथवा

'त्यागपथी' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए ।

(घ) 'सत्य की जीत' खण्डकाव्य के प्रमुख पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

अथवा

'सत्य की जीत' खण्डकाव्य का कथानक अपने शब्दों में लिखिए।

(ङ) 'श्रवणकुमार' खण्डकाव्य के 'अयोध्या' सर्ग का सारांश लिखिए ।

अथवा

'श्रवणकुमार' खण्डकाव्य के आधार पर 'दशरथ' का चरित्र-चित्रण कीजिए |

(च) 'आलोकवृत्त' खण्डकाव्य के आधार पर गाँधीजी की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

अथवा

'आलोकवृत्त' खण्डकाव्य के 'तृतीय सर्ग' की कथावस्तु लिखिए ।

Hindustanknowledge.com

## खण्ड ख

8. (क) निम्नलिखित संस्कृत गद्यांशों में से किसी एक का सन्दर्भ-सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए : [2+5=7]

अस्माकं रामायण-महाभारताद्यैतिहासिकग्रन्थाः, चत्वारो वेदाः, सर्वाः उपनिषदाः, अष्टादशपुराणानि, अन्यानि च महाकाव्यनाट्यादीनि अस्यामेव भाषायां लिखितानि सन्ति । इयमेव भाषा सर्वासामार्यभाषाणां जननीति मन्यते भाषातत्त्वविद्भिः । संस्कृतस्य गौरवं बहुविधज्ञानाश्रयत्वं व्यापकत्वं च न कस्यापि दृष्टेरविषयः ।

अथवा

हंसराजः आत्मनः चित्तरुचितं स्वामिकं आगत्य वृणुयात् इति दुहितरमादिदेश । सा शकुनिसङ्घे अवलोकयन्ति मणिवर्णग्रीवं चित्रप्रेक्षणं मयूरं दृष्ट्वा 'अयं मे स्वामिको भवतु' इत्यभाषत । मयूरः 'अद्यापि तावन्मे बलं न पश्यसि' इति अतिगर्वेण लज्जाञ्च त्यक्त्वा तावन्महतः शकुनिसङ्घस्य मध्ये पक्षौ प्रसार्य नर्तितुमारब्धवान् ।

(ख) निम्नलिखित संस्कृत पद्यांशों में से किसी एक का सन्दर्भ-सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए : [2+5=7]

प्रीणाति यः सुचरितैः पितरं स पुत्रो
यः भर्तुरेव हितमिच्छति तत् कलत्रम् ।
तन्मित्रमापदि सुखं च समक्रियं यद्
एतत्त्रयं जगति पुण्यकृतो लभन्ते ।।

अथवा

ऋषयो राक्षसीमाहुः वाचमुन्मत्तदृप्तयोः ।
सा योनिः सर्ववैराणां सा हि लोकस्य निऋृतिः ।।

9. निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों में से किसी एक का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए : [1+1=2]

(क) आँखों में धूल झोंकना
(ख) जहाँ चाह वहाँ राह
(ग) तिल का ताड़ बनाना
(घ) दूर के ढोल सुहावने

Hindustanknowledge.com

10. (क) निम्नलिखित शब्दों के सन्धि-विच्छेद के सही विकल्प का चयन

(i) 'महेश्वर:' का सन्धि-विच्छेद है : [1]

(अ) महे + श्वरः

(ब) महा + एश्वर:

(स) महा + ईश्वरः

(द) मही + ईश्वरः

(ii) 'उपर्युक्तम्' का सन्धि-विच्छेद है : [1]

(अ) उपर + उक्तम्

(ब) उपरि + उक्तम्

(स) उप + र्युक्तम्

(द) उपर + र्युक्तम्

(iii) 'पावकः' का सन्धि-विच्छेद है : [1]

(अ) पा + वकः

(ब) पो + अक:

(स) पौ + अक:

(द) पाव + कः

Hindustanknowledge.com

(ख) दिए गए निम्नलिखित शब्दों का 'विभक्ति' और 'वचन' के अनुसार चयन कीजिए :

(i) 'आत्मना' शब्द में विभक्ति और वचन है : [1]

(अ) तृतीया विभक्ति, एकवचन

(ब) चतुर्थी विभक्ति, दिवचन

(अ) षष्ठी विभक्ति, बहुवचन

(द) सप्तमी विभक्ति एकवचन

(ii) 'नाम्ने' शब्द में विभक्ति और वचन है

(अ) सप्तमी विभक्ति, द्विवचन

(ब) षष्ठी विभक्ति, बहुवचन

(स) चतुर्थी विभक्ति, एकवचन

(द) द्वितीया विभक्ति, द्विवचन

11. (क) निम्नलिखित शब्द-युग्मों का सही अर्थ चयन करके लिखिए : [1)

(i) सुत -सूत:

(अ) पुत्र और पुत्री

(ब) सूत्र और धागा

(स) बालक और केश

(द) पुत्र और सारथी

(ii) जलद-जलधि

(अ) बादल और पानी

(ब) समुद्र और जल

(स) बादल और समुद्र

(द) वर्षा और सरिता

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो अर्थ लिखिए: [1+1=2]

(i) भुजंग

(ii) हार

(iii) पर

(iv) अर्क

Hindustanknowledge.com

(ग) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द का चयन करके लिखिए

(i) 'किए गए उपकार को न मानने वाला'

(अ) अकर्ता

(ब) कृतज्ञ

(स) कृतघ्न

(द) अकृतघ्न

(ii) 'बहुत कम बोल'

(अ) अल्पभाषी

(ब) मितभाषी

(स) वाचाल

(द) मिताग्रही

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए:

(i) तुम तो कुर्सी पर बैठे हो !

(ii) इस सरोवर में अनेकों कमल खिले हैं।

(iii) कृपया अनुमोदन करने की कृपा करें ।

(iv) आप प्रातःकाल के समय आइएगा।

Hindustanknowledge.com

12. (क) 'करुण रस अथवा 'शान्त रस का लक्षण सहित एक उदाहरण लिखिए। [1+1=2]

(ख) 'अनुप्रास' अलङ्कार अथवा 'रूपक' अलङ्कार का लक्षण सहित एक उदाहरण लिखिए ।

[1+1=2]

(ग) 'चौपाई' छन्द अथवा 'सोरठा' छन्द का लक्षण सहित एक उदाहरण लिखिए । [1+1=2]

13. किसी दैनिक-पत्र के सम्पादक के नाम एक पत्र लिखिए जिसमें शहर में फैली संक्रामक बीमारी के प्रति नगर स्वास्थ्य अधिकारी का ध्यान आकर्षित किया गया हो। [2+4=6]

अथवा

किसी बैंक के प्रबन्धक को कोई व्यवसाय करने हेतु प्राप्ति के लिए एक आवेदन-पत्र लिखिए।

[6]

14. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर अपनी भाषा शैली में निबन्ध लिखिए:

[2+7=9]

(क) कृषक-जीवन की त्रासदी

(ख) अनियंत्रित भ्रष्टाचार कारण और निवारण

(ग) महिला आरक्षण की सर्थकता

(घ) बढती जनसंख्या तथा रोजगारी की समस्या

Hindustanknowledge.com